हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026




## KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

### Faculty of Information Technology & Computer Science

# Turn Your Passion for Tech Into a High-Growth Career.

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Bachelor of Animation & VFX

**Postgraduate**
- MCA
- M.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Master of Data Science
- PGDCA
- Master of Animation & VFX

**Diploma**
- Diploma in Computer Applications (DCA)

**New-Age Specialisations**
- BCA in Game Development with AI in collaboration with Hi Tech Animation

**Powered by Industry Experts**
- In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Industry-designed AI & ML curriculum
- Practical learning with advanced labs

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari eblu for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS Education for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF)
- 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

**Top Recruiters**
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप



### चालानी कार्रवाई कर 11 हजार की वसूली की

**केशकाल।** पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा (भापुसे) के निर्देशानुसार श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कपिल चंद्रा एव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल श्री अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में जाम के दौरान ओवरटेक करने वाले वाहन चालकों कार्यवाही करने निर्देशन प्राप्त होने पर थाना केशकाल पुलिस द्वारा वाहन चालको पर कुल 13 प्रकरण 10800 रूपये समंस शुल्क की कार्यवाही किया गया। जाम के दौरान कई वाहन चालक तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ओवरटेक कर रॉन्ग साइड में गाड़ियां खड़ी कर देते हैं केशकाल पुलिस की अपील है कि ऐसा ना करें ऐसा करने से जाम की स्थिति निरंतर बनी रहती है ऐसा करते अगर पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जावेगी। एवं घाटी जाम की स्थिति में लगे हुए पुलिस अधिकारी एवं जवानों के आदेशों का कड़ाई से पालन करें धन्यवाद।

### सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान 10 व्यक्ति पर की कार्रवाई



**फरसगांव।** थाना पुलिस ने शनिवार थाना क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट, तंबाकू, धूम्रपान करने वाले, शिक्षण संस्था के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने वाले, नाबालिक के द्वारा तंबाकू, धूम्रपान बेचने वाले खिलाफ कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चंद्रा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी फरसगांव निरीक्षक चन्द्रशेखर श्रीवास के नेतृत्व में टीम तैयार कर स्वास्थ्य विभाग फरसगावं के टीम के साथ सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट, तंबाकू, धूम्रपान करने वाले तथा बिक्री करने वाले 10 व्यक्तियों के खिलाफ तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 की धारा 4/6 के तहत कार्यवाही की गयी है तथा 2400 रूपये जुर्माना ली गयी है।

### हेरोइन की बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** सार्वजनिक स्थान में अवैध रूप से हेरोइन/चिट्टा की बिक्री कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 29 हजार रुपए कीमत की हेरोइन बरामद की गई है। जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से यादव समाज भवन के आसपास एक युवक द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन की बिक्री करने की सूचना मिली।

# पूर्व सैनिकों का मंदिरों में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा नियमित रूप से साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। 28 मार्च 2026 को पूर्व सैनिकों एवं निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने राम मंदिर, शीतला माता मंदिर, कृष्ण मंदिर और संतोषी माता मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की। यह अभियान मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बस्तर संभाग प्रभारी



सुब्रत साहा ने युवाओं को स्वच्छता के महत्व बताते हुए कहा कि साफ–सुथरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा देता है और जीवन को खुशहाल बनाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छ भारत– सुंदर भारत और स्वच्छ कोंडागांव– सुंदर कोंडागांव के नारे लगाए। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक में कर्मचारियों के मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में सर्व मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों की परामर्शदात्री समिति की परिचयात्मक बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कर्मचारी संगठनों ने रखी अपनी बातें – बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने–अपने मुद्दे और सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर विस्तार से चर्चा की गई।

### अधिकारियों व प्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### नियमित बैठक आयोजित करने पर जोर

कलेक्टर ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसी बैठकों का नियमित आयोजन करने की बात कही और अगली बैठक की तिथि भी निर्धारित की।

## नगरनार मण्डल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत शनिवार को ग्राम आसना में नगरनार मण्डल की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिले के सभी तेरह मण्डलों में क्रमवार इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक कार्यप्रणाली से सशक्त बनाना है।

प्रशिक्षण वर्ग में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विकास और सिद्धांतों की जानकारी देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं को बताया गया कि प्रशिक्षित और जागरूक कार्यकर्ता ही योजनाओं को



प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा सकता है। अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करने और राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए समर्पण भाव से जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी गई। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, सरकार की उपलब्धियां,कार्य विस्तार,वैचारिक अधिष्ठान, कार्यपद्धति, सोशल मीडिया और एआई जैसे विषय शामिल हैं। कार्यशाला के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# बड़े डोंगर शिविर में हुआ 107 श्रमिकों का पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन की मंशा एवं कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बड़ेडोंगर में श्रम पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए मोबाइल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया, जिसमें कुल 107 श्रमिकों का पंजीयन किया गया तथा 14 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत 01 आवेदन प्राप्त हुआ।

### श्रमिकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

इस अवसर पर श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### अधिकाधिक पंजीयन कराने की अपील

अधिकारियों ने श्रमिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं, ताकि उनका सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हो सके।

# जिले में रोलिंग पेपर व स्मोकिंग सामग्री की बिक्री पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा नशीले पदार्थोंर् के विक्रय पर रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत संशोधित आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में बताया गया है कि शहर में नाबालिगों एवं युवाओं के बीच चरस, गांजा जैसे नशे के सेवन के लिए रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन एवं पर्फेक्ट रोल का उपयोग बढ़ रहा है। ये सामग्री पान, किराना, चाय दुकान, कैफे एवं रेस्टोरेंट जैसे स्थानों पर आसानी से उपलब्ध हो रही थी। प्रशासन द्वारा इन सामग्रियों के विक्रय को पान दुकानों, परचून/किराना दुकानों, चाय स्टॉल, कैफे एवं रेस्टोरेंट जैसे सभी सार्वजनिक स्थानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### कानून–व्यवस्था व स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फैसला

यह निर्णय युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, उससे जुड़ी आपराधिक गतिविधियों और जनसामान्य के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

### तत्काल प्रभाव से लागू हुआ आदेश

आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और यह 24 मई 2026 की मध्य रात्रि 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

### उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 सहित अन्य प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस आदेश में छूट या शिथिलता चाहती है, तो वे नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिस पर सुनवाई के बाद निर्णय लिया जाएगा।

# एलपीजी सिलेंडरों की शिकायत के लिए प्रशासन ने जारी किया नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खाद्य नियंत्रक ने बताया कि रिफिल सिलेंडर हेतु बुकिंग की वर्तमान प्रक्रिया ऑयल कम्पनियों द्वारा 2 रिफिल बुकिंग सामान्य के 25 दिवस तथा उज्ज्वला योजना के लिए 45 दिवस का अंतराल रखा गया है। उपभोक्ता ध्यान रखें कि वे अपने निवास क्षेत्र हेतु निर्धारित अंतराल के पश्चात ही रिफिल सिलेण्डर बुक करायें। किसी अफवाह अथवा दुष्प्रचार से प्रभावित होकर रिफिल सिलेण्डर की ऑनलाइन बुकिंग बार-बार न करें। उन्होंने कहा जिले में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है एवं निर्धारित समय पर एलपीजी सिलेंडर का प्रदाय सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील में कहा कि गैस एजेंसी के बुकिंग नंबर में कॉल कर ऑनलाइन बुकिंग करें और होम डिलीवरी की सुविधा का लाभ लें ।

प्राथमिकता वाले क्षेत्र व्यावसायिक एलपीजी के उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि वर्तमान स्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऑयल कम्पनियों एवं शासन के निर्णय अनुसार व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति केवल अत्यावश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, शैक्षणिक संस्थाएं आदि के लिए प्राथमिकता के आधार पर दी जा रही है। होटल, रेस्टोरेंट के संचालक, व्यावसायिक प्रतिष्ठान एवं विवाह समारोह के आयोजकों को सूचित किया गया है कि वे गैस की खपत कम करने खान-पान के मैन्यू को संक्षिप्त रखें तथा तंदूर के उपयोग के साथ-साथ वैकल्पिक उर्जा के स्त्रोत डीजल स्टोर, इलेक्ट्रिक इंडक्शन, लकड़ियां, गोबर के कण्डे का उपयोग कर सकते है।

आम उपभोक्ताओं को एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की प्राप्ति में किसी भी प्रकार की समस्या संबंधी शिकायत की स्थिति में कॉल सेन्टर नंबर 1800-233-3663 अथवा 1967, राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 0771-2511975 एवं जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के नंबर 7489807170 से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# पूर्व सांसद ने जाना छात्रावास का हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने अपने गृह क्षेत्र के ब्लाक बस्तर के छात्रावास का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को दी जा रही खान पान और अन्य सुविधाओं को देखा। 50 सीटर पोस्ट मेट्रिक छात्रावास के बच्चों ने पढ़ाई और यहां की व्यवस्था पर जानकारी दी। उन्होंने दूर दूर के गांव से आकर छात्रावास में रहते हुए पढ़ाई करने वाले आदिवासी विद्यार्थियों से कहा कि केंद्र और राज्य में हमारी सरकार है जो आदिवासी अंचल में रहने वाले गरीब लोगों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा रही है इसमें शिक्षा सबसे उपर है। क्योंकि



पढ़ लिखकर ही गरीब और अज्ञान बालक बड़ा होकर सम्पन्न और जागरूक हो जाता है। मां बाप ने पढ़ने के लिए यहां भेजा है इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करो और अपना खुद का और अपने परिवार का सपना साकार करो।

## पेज 11 के शेष ...

### कांकेर में 3 नक्सलियों ...

जिनमें 2 एसएलआर राइफल और 303 राइफल शामिल है। हथियारों के साथ आत्मसमर्पण को सुरक्षा एजेंसियां एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मान रही हैं, क्योंकि इससे न केवल माओवादियों की ताकत घटती है, बल्कि क्षेत्र में हिंसक घटनाओं की संभावना भी कम होती है। यह आत्मसमर्पण इस बात का संकेत हैं कि अब माओवादी संगठन का प्रभाव धीरे-धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है।***आत्मसमर्पण की नीति के तहत दी जाएंगी सुविधाएं :*** पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सभी आवश्यक सुविधाएं और सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें आर्थिक सहायता रोजगार के अवसर, प्रशिक्षण और समाज में पुनः स्थापित होने के लिए हर संभव सहयोग शामिल है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि भटके हुए युवा हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास और शांति की राह पर आगे बढ़ें।

### धर्म स्वातंत्र्य विधेयक ...

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि उनकी चिंताओं को गंभीरता से लिया जाए और इस विधेयक पर व्यापक चर्चा कर सभी पक्षों को सुना जाए। इस पूरे प्रदर्शन के दौरान अनुशासन और एकजुटता देखने को मिली, जो यह दर्शाता है कि मसीही समाज अपने अधिकारों को लेकर गंभीर और सजग है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रस्तावित धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 उनके धार्मिक अधिकारों पर प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस तरह के कानून से समाज में असहिष्णुता बढ़ सकती है और अल्पसंख्यक समुदायों में भय का माहौल बन सकता है। प्रदर्शन के दौरान कई सामाजिक और धार्मिक प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखते हुए विधेयक पर पुनर्विचार की मांग किया है।

### नकाबपोश ने घर में ...

को लगभग 20 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। सुबह जब परिवार को घटना की जानकारी मिली, तब उन्होंने तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक नकाबपोश व्यक्ति साफ तौर पर आगजनी करते नजर आ रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 324 (4) और 331 (4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### आमाबेड़ा में विधायक ...

और सुझावों को साझा किया। विधायक उसेंडी ने सभी से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की, ताकि कार्यक्रम में क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रभावी रूप से प्रस्तुत हो सके। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं। गौरतलब है कि लिंगो पेन जबरा कर्रासाड़ कार्यक्रम आदिवासी समाज की आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें दूर-दूर से लोग शामिल होते हैं। ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी इसे और अधिक सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रही है।

# जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा नगर

## रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, स्वर्णिम झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार की शाम शहर में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामनवमी आयोजन समिति के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा ने पूरे शहर को श्रीराममय कर दिया। बनियापारा स्थित महाकालेश्वर मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान श्रीराम को सुसज्जित रथ में विराजित कर यात्रा प्रारंभ की गई।

बैंड-बाजा, धुमाल और डीजे की गूंज के साथ शोभायात्रा रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, बालक चौक, गोल बाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, सदर बाजार, कचहरी चौक, गणेश चौक रामबाग होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। करीब 6 घंटे तक चली इस यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा



जलपान और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण श्रीराम दरबार की स्वर्णिम झांकी, हनुमान लीला, खाटू श्याम की झांकी, आदियोगी की प्रतिमा और आकर्षक लाइटिंग रही। गोरिल्ला प्रदर्शन और शौर्य प्रदर्शन ने युवाओं में विशेष उत्साह भर दिया। आतिशबाजी और रंगीन रोशनी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान तीरथराज फुटान, अशोक पवार, प्रीतेश गांधी, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायकद्वय रंजना साहू व इन्दर चोपड़ा, डीपेंद्र साहू, दिलीप बड़जात्या, बबलू थवाईत, गणेश कोसरिया, शिखर कोचर, अमित अग्रवाल, देवचरण सिंह ध्रुव, सूरज फुटान, भरत भानुशाली, पीयूष राठौड़, महेंद्र खंडेलवाल, दीपक चोपड़ा, प्रकाश सोलंकी, चोवाराम साहू, बीजू फुटान, चेज्ञा फुटान, अमन थवाईत, अरुण फुटान, अजय गौतम, कोमल फुटान, बसंत निषाद, शुभांक मिश्रा, शुभम सोनी, राजेंद्र साहू, दीपेश मोटवानी, विक्की मंगलानी, संदीप नेताम, त्रिलोक देवांगन, सुशांत रजक सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

12 रामनवमी की भक्तिमयी शोभायात्रा में श्रद्धा ...

12 राहगीरों को वितरित किया गया प्रसाद




Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### घोटिया में मनाया माँ कर्मा जयंती महोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** तहसील साहू समाज दुर्गुकोंदल द्वारा भक्त माँ कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन 30 मार्च सोमवार को ग्राम घोटिया भीरागांव भानुप्रतापपुर में किया जाएगा।



इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों की व्यापक सहभागिता रहेगी। आयोजन की शुरुआत सुबह 10:30 बजे भव्य शोभायात्रा से होगी, जो क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बनाएगी। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे अतिथियों का आगमन होगा तथा 1:15 बजे ध्वजारोहण एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में जय बजरंग रामधुनी झांकी मंडली मालापारा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

### युवक ने जहर खाया इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत गोटीटोला निवासी 22 वर्षीय अघनुराम कोमरा पिता हिनेंद्र कोमरा ने जहर खा लिया था, जिसके कारणा उसका 4 फरवरी को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर का सेवन किया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, लेकिन उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### परवी का दो दिवसीय देव मेला 31 मार्च से

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम परवी देव मेला 31 मार्च और 1 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। मेले में धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। रात्रि कार्यक्रम में मोर मयारूक, छेड़िया भरदा कि पारंपरिक प्रस्तुतियाँ होंगी। साथ ही जिला बालोद की सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी। ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लोग इस मेले में भाग लेकर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक आनंद का अनुभव कर सकेंगे। जगह-जगह मेले में श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है।

### बुजुर्ग की मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लाए मध्यप्रदेश के बरपानी निवासी 65 वर्षीय बिरन यादव पिता कालू का अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पखांजुर थाना में पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भाजपा ने जाँच के लिए 5 सदस्यीय टीम की गठित

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश चौहान के संबंध में प्रकाशित समाचार के तथ्यों की छानबीन के लिए पांच सदस्यीय जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, रामबाई गोटा, राजा पाण्डेय, अनूप राठौर और संजय सिन्हा को जिम्मेदारी दी गई है। इस टीम को सात दिन में जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा

# डिजिटल सिस्टम फेल होने से बढ़ी परेशानी पचांगी में राशन लेना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के दूरस्थ ग्राम पचांगी से एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है, जहां डिजिटल व्यवस्था की खामियों ने ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी को कठिन बना दिया है। यहां राशन लेने के लिए लोगों को 2 किलोमीटर दूर जंगल में जाकर नेटवर्क खोजकर बायोमेट्रिक सत्यापन करना पड़ रहा है।

पचांगी गांव के ग्रामीण इन दिनों एक गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन के लिए उन्हें तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। गांव में मोबाइल नेटवर्क की कमी के कारण राशन दुकान पर बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट सत्यापन संभव नहीं हो पा रहा है। इसके चलते ग्रामीणों को मजबूरी में करीब 2 किलोमीटर दूर जंगल की ओर जाना पड़ता है, जहां किसी तरह नेटवर्क मिल पाता है। इस स्थिति का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों पर पड़ रहा है। भीषण गर्मी में लंबी दूरी तय करना उनके लिए बेहद कष्टदायक साबित हो रहा है। कई बार गर्भवती महिलाएं और छोटे बच्चों की माताएं भी घंटों तक जंगल में बैठकर नेटवर्क आने का इंतजार करती हैं। ग्रामीण अपने साथ पानी और भोजन लेकर जाते हैं, क्योंकि यह प्रक्रिया कई घंटों तक खिंच जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार घंटों इंतजार के बाद भी नेटवर्क नहीं मिलता, जिससे उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे न केवल उनका समय और श्रम बर्बाद हो रहा है, बल्कि राशन जैसी बुनियादी सुविधा भी उनके लिए चुनौती बन गई है। चिंता की बात यह है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी परेशानियों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे वे खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं।

### बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए दो किमी की यात्रा




#### नेटवर्क को ठीक करवाने की माँग की

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गांव में नेटवर्क की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। साथ ही, जब तक समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक अस्थायी रूप से शेड, पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि जंगल में इंतजार करने वाले लोगों को कम से कम बुनियादी राहत मिल सके।

## नक्सली मुक्त बस्तर मिशन डेडलाइन के लिए मात्र तीन दिन शेष

# कांकेर में 3 नक्सलियों ने डाले हथियार समर्पण के लिए बचे अब मात्र सत्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले में माओवादी गतिविधियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को एक और बड़ी सफलता मिली है। जिले में बीते तीन दिनों के भीतर लगातार आत्मसमर्पण की घटनाओं ने माओवादी संगठन की कमजोर होती पकड़ को उजागर कर दिया है। पुलिस और प्रशासन की प्रभावी रणनीति, बढ़ते जनविश्वास और पुनर्वास नीति के सकारात्मक असर के चलते अब माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने लगे हैं।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 और 26 मार्च 2026 को जहां 6 माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया था, वहीं 28 मार्च 2026 को 3 और माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता त्याग दिया है। यह घटनाक्रम न केवल सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है, बल्कि क्षेत्र में शांति स्थापना की दिशा में एक मजबूत कदम भी माना जा रहा है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी कैडरों में एसीएम राधिका कुंजाम, एसीएम संदीप कड़ियाम और पीएम रैनू पद्दा शामिल हैं। यह सभी लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय थे और विभिन्न गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। इन कैडरों का आत्मसमर्पण यह दर्शाता है कि अब वे संगठन की विचारधारा और हिंसक गतिविधियों से मोहभंग हो चुके हैं। विशेष बात यह रही कि आत्मसमर्पण के दौरान इन माओवादियों ने कुल 3 हथियार भी सुरक्षा बलों के समक्ष जमा किए हैं, ⏭ शेष पेज 10 पर



#### बारकोट से संजय के घर मिले नक्सली

कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत श्रीपुर इलाके में चर्चा हे कि पंचायत के आश्रित ग्राम बारकोट में संजय वड्डे और देवजीत वड्डे जंगल से तीनों नक्सली को रात 10 से 11 बजे अपने घर लेकर आएं। उसके उपरांत संजय वड्डे ने परतापुर थाना में पदस्थ एसआई रामेश्वर चतुर्वेदी को रात के फोन करके बताया कि तीन नक्सली आ गए है, परंतु उनके पास हथियार नहीं थे। उसके उपरांत एसआई रात के 1 से 2 बजे के मध्य बारकोट पहुँचे। एसआई ने देरी न करते हुए तीनों नक्सली को परतापुर थाना लेकर पहुँचे।

#### समर्पण करने वाले तीन नक्सली में दो परतापुर एरिया कमेटी

समर्पण करने वाले नक्सली सदस्य मैनू नेगी के अनुसार राधिका कुंजाम पति संदीप कड़ियाम परतापुर एलओएस की सदस्य थी और सुकमा जिले के मिनपा की रहने वाली है। सुकमा से नार्थ बस्तर 2019 में आई थी और इस ईलाके में 2019 से सक्रिय है। यह परतापुर एलओएस के साथ उत्तर बस्तर डिवीजन में प्रशिक्षक के रूप में कार्य करती रही है। संदीप कड़ियाम के बारे में यह जानकारी है कि एसीएम प्रशिक्षक टीम का सदस्य था और पूर्व में राजमन उर्फ भास्कर का गार्ड भी रह चुका है। इंद्रावती क्षेत्र का निवासी है और 303 रायफल अपने साथ रखता था। रैनू पद्दा कुमुरगुंडा का निवासी है और पार्टी मेंबर है।

## ढाबे की आड़ में देसी शराब की बिक्री पर, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अवैध नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए कांकेर जिले की पुलिस ने एक ही दिन में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। चारामा और कांकेर क्षेत्र में की गई छापेमार कार्रवाई ने न केवल अवैध शराब बिक्री के नेटवर्क पर चोट की है, बल्कि ऐसे कारोबार में लिप्त लोगों के लिए सख्त संदेश भी दिया है।

जानकारी के अनुसार 27 मार्च को थाना चारामा पुलिस नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बस स्टैंड के पास एक ढाबे के सामने अवैध रूप से देशी शराब बेची जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान वार्ड क्रमांक 3 चारामा निवासी 37 वर्षीय मिथलेश देवांगन को रंगे हाथों पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास एक लाल पट्टी वाले थैले से 12 नग 'शोले प्लेन' देशी शराब (कीमत 960 रुपये) और नगद 200 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी कड़ी में कांकेर पुलिस ने भी बरदेभाठा क्षेत्र में छापेमार कार्रवाई करते हुए एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया। 27 मार्च की शाम करीब 6 बजे की गई इस कार्रवाई में 36 वर्षीय राजेश मंडावी के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपये और 200 रुपये नगद जब्त किए गए। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

## धर्म स्वातंत्र्य विधेयक का विरोध मसीही सड़क पर उतरे और किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 के विरोध में शनिवार को मसीही समाज ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आवाज बुलंद की। भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिससे शहर का माहौल आंदोलनमय हो गया।

आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान समाज के लोग सुबह 11 बजे से ही मेलाभाटा मैदान में लोगों का जुटना शुरू हो गया था। देखते ही देखते मैदान में सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रदर्शनकारियों के हाथों में बैनर और तख्तियां थीं, जिन पर धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा और प्रस्तावित विधेयक के विरोध में नारे लिखे हुए थे। पूरे मैदान में सरकार के खिलाफ नारेबाजी गूंजती रही और लोगों ने एकजुट होकर अपनी नाराजगी जाहिर की। करीब साढ़े 12 बजे रैली की शुरुआत हुई। अनुशासित ढंग से आगे बढ़ती यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जेल परिसर तक पहुंची। इस दौरान पुलिस बल भी मुस्तैद रहा और पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। रैली में शामिल लोगों ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक उनके धार्मिक अधिकारों का हनन करता है और इससे समाज में असहजता का माहौल बन सकता है। उन्होंने सरकार से इस विधेयक पर पुनर्विचार करने की मांग की। जेल परिसर तक पहुंचने के बाद रैली वापस मुड़कर कलेक्टोरेट मार्ग की ओर बढ़ी, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मसीही समाज ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी प्रकार से अपने संवैधानिक अधिकारों से समझौता नहीं करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे। रैली में शामिल नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की स्वतंत्रता और संविधान में प्रदत्त अधिकारों ⏭ शेष पेज 10 पर

## जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर।** कोतवाल पुलिस ने चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी अखबर मेमन पिता मोहम्मद असलम मेमन उम्र 32 वर्ष निवासी संजयनगर को घटना के मात्र 2 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में प्रार्थी के बायां हाथ, बायां पसली पेट व कमर के ऊपर गंभीर चोटें आईं थी।

## नकाबपोश ने घर में घुसकर बाइक फूंकी, वारदात सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करमोती में बीती रात एक सनसनीखेज घटना ने इलाके में दहशत फैला दी। अज्ञात नकाबपोश बदमाश ने देर रात एक घर की बाउंड्रीवॉल फांदकर भीतर खड़ी मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि घटना के समय पूरा परिवार घर के अंदर गहरी नींद में सो रहा था, जिससे किसी बड़े हादसे से बाल-बाल बचाव हो गया। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुट गई है।




पीड़ित महेन्द्र निषाद पिता अंजोरी राम निषाद ने पुलिस को बताया कि मैं बोरवेल पंप का व्यवसाय करते हैं। घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात की है, जब रात करीब 11 बजे से ढाई बजे के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर की बाउंड्रीवॉल फांदकर अंदर घुसा। इसके बाद उसने आंगन में खड़ी उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 ए 7073 पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी मोटरसाइकिल जलकर खाक हो गई। इस घटना में पीड़ित ⏭ शेष पेज 10 पर

## कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने की दी सलाह

# आमाबेड़ा में विधायक विक्रम ने गायता-पटेल से की बातचीत एवं सेमरगांव की व्यवस्था जानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सेमरगांव में होने वाले बहुप्रतीक्षित लिंगो पेन जबरा कर्रासाड़ कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह चरम पर है। तैयारियों का जायजा लेने और स्थानीय परंपराओं से जुड़े प्रमुख लोगों से संवाद करने के लिए क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी ने सक्रिय पहल करते हुए आमाबेड़ा में गायता, पटेल और पुजारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने पर जोर दिया।

विधायक विक्रम उसेंडी ने संवाद के दौरान कहा कि गायता, पटेल और पुजारी हमारे समाज की परंपरा और व्यवस्था के प्रमुख स्तंभ हैं। आप सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से ही इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन अपनी वास्तविक पहचान के साथ सफल हो पाते हैं। लिंगो पेन जबरा कर्रासाड़ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि इसे पूरे अनुशासन और समर्पण के साथ संपन्न कराएं। मैं चाहता हूं कि गांव-गांव से लोग जुड़ें और हमारी परंपराओं की गरिमा को बनाए रखते हुए इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएं। आयोजित बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और परंपरागत व्यवस्था संभालने वाले प्रमुखों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों ⏭ शेष पेज 10 पर





#### सीएम विष्णुदेव 4 को सेमरगांव में

आमाबेड़ा में संवाद के पश्चात विधायक विक्रम उसेंडी सीधे सेमरगांव पहुँचे, जहां उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, आगंतुकों के बैठने की सुविधा, पेयजल, सुरक्षा और साफ-सफाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री 4 अप्रैल को सेमरगांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### चैतरई पर्व पर निकाली रैली

**कांकेर।** चैत्र माह में मनाए जाने वाले पारंपरिक चैतरई पर्व के अवसर पर क्षेत्र में भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पूरे नगर में भ्रमण किया। रैली का शुभारंभ स्थानीय देवस्थल से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालु एवं ग्रामवासी झंडा-बैनर लेकर मुख्य मार्गों से होते हुए आगे बढ़े। इस दौरान पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिली।

### आवेदनों के परीक्षण के लिए समिति का गठन

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय एवं भारत के महारजिस्ट्रार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा अवकाश संबंधी समस्त आवेदनों के परीक्षण एवं सत्यापन के लिए जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लेने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में मूलचंद चोपड़ा, जिला जनगणना अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दंतेवाड़ा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिविल सर्जन जिला दंतेवाड़ा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उक्त समिति प्राप्त आवेदनों पर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का परीक्षण कर अपना अभिमत प्रस्तुत करेगी तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त करने संबंधी निर्णय सुनिश्चित करेगी।

### डीएवी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटी सेमरा में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश कुमार एवं शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर परिश्रम करने एवं अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का प्रारंभ एक अप्रैल से किया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर नई कक्षाओं की पढ़ाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि आगामी सत्र में भी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता रहेगा।

## निधन

### रमेश कुमार साहू

**बनसागर।** ग्राम बनसागर निवासी



रमेश कुमार साहू का 28 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता होने के साथ साहू समाज के एक सक्रिय एवं सम्मानित सामाजिक व्यक्तित्व थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# रामनवमी की भक्तिमयी शोभायात्रा में श्रद्धा और उत्साह की अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर से विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई इस विशालकाय रथ-झांकी में भगवान राम की झांकी को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया।

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के विभिन्न रूपों के प्रदर्शन और रामायण से जुड़े प्रसंगों को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए नगरवासियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जय श्री राम के गगनभेदी जयघोष, ढोल-नगाड़े, पारंपरिक नृत्य और डीजे ने शोभायात्रा को और भी जीवंत बना दिया। संबलपुर से आई बाइक रैली ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए शामिल हुए, वहीं जगह-जगह समाजसेवियों ने जलपान और प्रसाद वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया। महिलाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ शोभायात्रा में भाग लिया और भक्ति गीतों पर नृत्य कर वातावरण को और भी उत्सवमय बना दिया। नगर के मुख्य चौक पर प्रभु श्रीराम की भव्य आरती आयोजित की गई, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश रमानी एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रथ पर विराजमान भगवान श्रीराम और माता सीता की विधिवत आरती व्यापारियों द्वारा संपन्न कराई गई। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं के लिए शरबत, फ्रूटी और जूस का वितरण किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली और सेवा भाव का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत हुआ। इस वर्ष शोभायात्रा का आयोजन नई युवा टीम द्वारा किया गया, जिन्होंने समर्पण, अनुशासन और उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। उनकी योजना, संगठन और संचालन क्षमता ने इस भव्य आयोजन को शहर की प्रमुख सांस्कृतिक पहचान के रूप में प्रस्तुत किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी तरह की असुविधा या दुर्घटना से बचा जा सके।

## पल्लामारी मंदिर में विधि-विधान से हुआ ज्योति कलश विसर्जन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत हाहालद्दी स्थित प्रसिद्ध पल्लामारी मंदिर में नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर ज्योति कलश का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। नवरात्रि के दौरान स्थापित किए गए ज्योति कलश का समापन हवन-पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पुजारियों द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई, जिसके बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना करते हुए अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। विसर्जन के समय पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालुओं की आस्था स्पष्ट रूप से दिखाई दी। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे आयोजन और भी भव्य और सफल बन गया। मंदिर समिति के सदस्य हरी सिन्हा, अनिल सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, गोवर्धन नरेटी सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने में सभी श्रद्धालुओं, समिति के सदस्यों और



स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। समिति द्वारा पूरे नौ दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल थीं। इससे क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा मिला। ज्योति कलश विसर्जन के साथ ही नवरात्रि पर्व का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में भवन निर्माण व आरक्षण पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक दुर्गुकोंदल स्थित विश्राम गृह में आयोजित की गई। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें समाज के विभिन्न पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की संगठनात्मक संरचना को मजबूत करना तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करना था। इस दौरान समिति के पुनर्गठन एवं नए पदाधिकारियों के चयन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समिति का गठन और पदाधिकारियों का चयन आगामी बैठक में किया जाएगा, ताकि सभी पक्षों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए समाज के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग समाज के भवन निर्माण के लिए विकासखंड दुर्गुकोंदल को मुख्यमंत्री द्वारा 50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे संगठन को स्थायी पहचान और गतिविधियों के संचालन में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही विकासखंड में पिछड़ा वर्ग भवन निर्माण के लिए भूमि आरक्षित करने के विषय पर भी गंभीर चर्चा की गई।

उपस्थित सदस्यों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे समाज के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में पिछड़ा वर्ग समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस विषय पर सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार के समक्ष अपनी मांग को प्रभावी ढंग से रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में अशोक जैन, हरिश्चंद्र निषाद, द्वारका प्रसाद जैन, अलित कुमार जैन, मुन्ना सिन्हा, सियाराम जैन, जागेश्वर जैन, विष्णु प्रसाद पटेल, कृष्णा नागवंशी, दीनदयाल पटेल, रघुनंदन गिरी स्वामी, देवा पटेल, दुर्गा प्रसाद जैन, हेम नारायण सिन्हा, रामकिशोर सिन्हा, सोमल जैन, नरेंद्र जैन सहित सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## कृषि स्नातक अधिकारी संघ की बैठक में निलंबन वापसी पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

मादक पदार्थ अफीम खेती का बेबुनियाद आरोप लगा कर दुर्ग कृषि अधिकारी एकता साहू के निलंबन वापस करने की आवाज कांकेर में भी उठने लगी। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ का बैठक कांकेर जिले में आयोजित की गई, जिसमे कृषि विभाग से सम्बंधित विभिन्न मुद्दा मांगो समस्याओं एंव विशेष प्रस्ताव के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।

कांकेर कृषि अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष गुमेश नाग द्वारा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा अभी वर्तमान में दुर्ग जिले के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू को अफीम मामले में बेबुनियाद आरोप लगा कर शासन प्रशासन द्वारा अनुचित तरीके से निलंबन किया गया, जिसके विरोध में दुर्ग कृषि अधिकारियों द्वारा दुर्ग कलेक्टर से भेंटकर एकता का निलंबन निरस्त करने प्रस्ताव रखा था।

इस पर कलेक्टर ने निलंबन पर विचार करने आश्वासन दिया 22 मार्च तक निलंबन वापसी की कार्रवाई नही होने के कारण दुर्ग जिले के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने मजबूर होना पड़ा। आज 10 दिन बीत जाने के बावजूद दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा निलंबन निरस्त नही किया गया है, जिससे प्रदेश के सभी जिलों के कृषि अधिकारियों में अफीम मामले का आरोप लगा कर अनुचित तरीके से निलंबन की कार्रवाई से रोष व्याप्त है। कांकेर जिला कृषि अधिकारी संघ भी इस तरह के अनुचित कार्रवाई के खिलाफ प्रान्त का निर्देश मिलते ही कांकेर कृषि अधिकारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने तत्पर है। संघ का कहना है की मादक पदर्थों का अवैध खेती और उसके कारोबार पर रोक लगाना मुख्यरूप से पुलिस आबकारी एंव नारकोटिक्स विभाग का काम है, जिसमे कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को दोषी ठहरा कर कार्रवाई करना न्याय संगत नही है। शासन प्रशासन दुर्ग ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू के निलंबन को यथा शीघ्र वापस लेना चाहिए अन्यथा आने वाले समय मे संघ को प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने बाध्य होना पड़ेगा।

संघ की बैठक में सभी विकास खंड के पदअधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष उपाध्यक्ष एंव कार्यकारणी सदस्यों की उपस्थिति रहें, जिसमे संजीव कावड़े, रूपेश नेताम, किरण भंडारी, प्रवीण कवाची, अमित बाला, तामेश मुन्नी, विवेक गंगवाल, कवल सिंह,कश्यप, दानेश्वर सिंह ठाकुर, मनोहर चंद्रवंशी, पुष्पराज सेठिया, दुर्गेश सलाम, गणेश सहारे, कमलेश गंजीर, प्रभात मंडल, लोमेश साहू, ईशु कावड़े व अन्य उपस्थित रहे।



## नशे मे उत्पात मचाने पर हुआ युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में धुत होकर राहगीरों को परेशान करना और शांति भंग करना एक युवक को भारी पड़ गया। चारामा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च को थाना चारामा को जानकारी मिला कि कोरर चौक स्थित दुकान के पास एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा है और आने-जाने वाले राहगीरों से विवाद कर रहा है। जानकारी मिलते हि पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी। वहाँ पर बरकाछार निवासी 30 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार बघेल शराब के नशे में उत्पात मचाते पाया गया। आरोपी का सीएचसी चारामा में मुलाहिजा कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसके अत्यधिक नशे में होने की पुष्टि की। पुलिस ने आरोपी विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36 (च)(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## राहगीरों को वितरित किया गया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

नगर पंचायत बस्तर के भाटीपारा में माता समिति द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुलिस थाना के सामने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने भाग लिया। भंडारे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सेवा भाव से प्रसाद वितरण करना और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना था। राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले लोग अपनी गाड़ियां रोककर भंडारे में पहुंचे और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा। माता रानी के जयघोष से वातावरण गूंज उठा, जिससे वहां उपस्थित सभी लोगों में उत्साह और भक्ति की भावना देखने को मिली। माता समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भंडारा हर वर्ष श्रद्धा और सेवा भाव के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें आसपास के ग्रामीणों का भी सहयोग मिलता है। समिति के



कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभालते हुए आने-जाने वाले लोगों को सुव्यवस्थित तरीके से प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। भंडारे के माध्यम से सामाजिक एकता और सेवा की भावना का संदेश दिया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि समाज में सहयोग और परोपकार की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ। इस अवसर पर मुन्ना पार्कर पवन पाकर ज्योति पार्कर, ज्योति साहू, चंद्र मौर्य, कुमारी निहारिका साहू, ममता साव, नीलम तोमर , दीक्षा तोमर, सुनील सिंह तोमर, आयुष तोमर, सुषमा पटेल, अंकित नैतिक साहू अर्जुन पटेल, असीम देवनाथ, रुद्र देवनाथ, रितु देवनाथ, रजनी पिल्लई अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## कांग्रेस ने पुतला फूंका व दुराचारी भाजपा नेता पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मैं एक महिला के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश चौहान के शारीरिक शोषण के आरोप का मामला मीडिया में उजागर होने पर शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले भाजपा नेता का पुतला दहन करते हुए प्रशांसन से मांग किया है कि भाजपा नेता पर तुरंत कानूनी कार्यवाही कर, उसे गिरफ्तार करें।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष यासीन कराणी ने बताया कि भाजपा की चाल चेहरा उजागर हो गया है, जो भाजपा महिला सशक्तिकरण की बातें प्रचार करते नहीं थकती है, उसी भाजपा नेता का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। भाजपा



की विचारधारा ही महिला विरोधी है। भाजपा नेता अपने राजनैतिक प्रभाव का दुरपयोग महिला के साथ शारीरिक शोषण करने के लिये करते है। उन्होंने कहा कि यही भाजपा का असली चेहरा है। इस पीड़ित महिला कि शिकायत नहीं करने के लिए डराया औऱ धमकाया जा रहा है, जो पूरी तरह से तानाशही प्रवृति को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी ने आरोपी पर कानूनी कार्यवाही कर गिरफ्तार करने की माँग किया है।

पुतला दहन कार्यक्रम मै प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, अजय भास्वानी, संग्राम नेताम, मृदुला भास्कर, मनोज जैन, लोमेंद्र यादव, विजय यादव, महिला अध्यक्ष भरती सलाम, यास्मीन खान, रोशन आरा, हुस्ना बेगम, विनी सिंह, सरजू शोरी, मुकेश तिवारी, दीपक शोरी, ओम प्रकाश देवांगन, कमल नागवंशी, मतीन खान, सोमेश सोनी, शेखर सलाम, बाबा ठाकुर, खोमेंद्र उयेके, शिवंकित श्रीवास्तव, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष जीसान अली, अभय राय, पवन कांगे, निर्भय राव एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## एकलव्य विद्यालय के शिविर में 280 छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र जांच पर जोर

**दुर्गुकोंदल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिग्गी में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में विद्यालय के कुल 280 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

यह स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गुकोंदल की मेडिकल टीम द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के सामान्य स्वास्थ्य के साथ-साथ आंखों की विशेष रूप से जांच की गई। टीम ने छात्रों की दृष्टि क्षमता, आंखों की समस्याओं तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधित



पहलुओं का बारीकी से परीक्षण किया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों में किसी भी प्रकार की बीमारी या कमजोरी का समय रहते पता लगाया जा सके और उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान मेडिकल टीम ने छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। उन्हें साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से आंखों की देखभाल के लिए आवश्यक सावधानियों पर भी जोर दिया गया, जैसे पर्याप्त रोशनी में पढ़ाई करना, मोबाइल और स्क्रीन का सीमित उपयोग, तथा नियमित जांच कराना। शिविर के दौरान जिन छात्रों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें आगे के उपचार के लिए परामर्श दिया गया। गंभीर मामलों में विशेषज्ञ जांच की भी सलाह दी गई, ताकि समय रहते उचित इलाज सुनिश्चित किया जा सके। विद्यालय प्रबंधन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस पहल को विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस आयोजन से छात्रों और अभिभावकों में भी सकारात्मक संदेश गया है कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है।

